'कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें अधिकारी'

पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में सांचौर के विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन

जयपुर/सिरोही। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में जालोर, पाली, सिरोही, सांचौर की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को सर्किट हाउस में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी विभिन्न स्तर पर किए गए कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने गुणवत्ताविहीन कार्यों पर ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके क्षेत्रों के संबंध में बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें।

उन्होंने जिलों में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के तहत अब तक किए गए कार्य एवं लंबित कार्यों की स्थिति जानी तथा कहा कि कार्य की पूर्णता का मतलब पानी की सुचारू आपूर्ति है। अत: सभी अधिकारी इसके लिए यह सुनिश्चित करें कि कार्य पूर्ण होने के बाद पानी की सुचारू आपूर्ति हो रही है या नहीं। उन्होंने विभिन्न कार्यों में गुणवत्ता, समयावधि, भुगतान सहित अन्य विषयों में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कनेक्शन के दौरान सड़कों को क्षति पहुंचाई जाने पर संबंधित ठेकेदार को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पाबंद करावें तथा अवैध कनेक्शन पर भी नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। केबिनेट मंत्री ने ट्यूबवेल एवं हैंडपम्प की कमियों के संबंध में आवश्यक रिपोर्ट भी जल्द भिजवाने के निर्देश दिए।बैठक में मौजूद राज्य के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुरूप घर-घर जल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पानी चोरी करने वाले एवं पानी माफिया के विरूद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली।

- केबिनेट मंत्री ने कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये

प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जालोर, (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. व महिला प्रकोष्ट के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संस्कृति की पुनर्स्थापक महारानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत कार्यवाहक में प्राचार्य मनीष अखावत ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व का परिचय दिया। निबन्ध प्रतियोगिता में रिया शर्मा, भाषण प्रतियोगिता में अनिल तथा क्विज प्रतियोगिता में पदमनी सिंह प्रथम रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए डॉ. चन्दन प्रकाष ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व भारतीय इतिहास में विषेश स्थान रखता है। कुशल प्रशासन, सेवा, त्याग, न्याय, कला, दर्शन, कृषि, कुटिर उद्योग, सामाजिक सुधार, महिला शिक्षा एवं संस्कृति का उत्थान आदि क्षेत्रों में अहिल्याबाई का तत्कालीन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण व अतुलनीय योगदान रहा है।

सी.पी.आर. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन, जोधपुर के तत्वावधान में उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में स्थित एसोसियेशन हॉल में सी.पी.आर. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने बताया कि आज दोपहर 1 बजे से उच्च न्यायालय के हेरिटेज परिसर में स्थित एसोसियेशन के पुराने हॉल में एकेडमिक क्लब के तहत "सी.पी.आर प्रशिक्षण-जीवन रक्षक कौशल कार्यशाला" का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने किया।

प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में डा. एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के पूर्व प्रोफेसर डा. राजेन्द्र तातेड़ द्वारा विस्तार से मानव जीवन में हृदय से संबंधित बिमारियो के संदर्भ में अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण एवं व्याख्यान दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर मे हृदय से संबंधित बिमारियों के अचानक उत्पन्न होने एवं जीवन की रक्षा के लिए प्राथमिक चिकित्सा एवं सी.पी. आर. देने की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

प्रशिक्षण शिविर के पश्चात एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रोफेसर राजेन्द्र तातेड़ का स्मृतिचिन्ह भेट कर स्वागत व आभार प्रकट किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला शिविर में अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र दाधीच, महासचिव शिवलाल बरवड़, सहसचिव विजेन्द्र पुरी, पुस्तकालय सचिव कांता राजपुरोहित व कोषाध्यक्ष विमल कुमार माहेश्वरी सहित भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया एवं सी.पी.आर. तकनीक को समझा। अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

- सी.पी.आर. प्रशिक्षण शिविर में वकीलों ने जानी हार्टअटैक से बचाव की तकनीक

उत्कृष्ट खिलाड़ी छात्र यशपाल का सम्मान किया

जोधपुर, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में शुक्रवार को प्राचार्य उम्मेद सिंह ने 53 वीं केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी छात्र यशपाल को सम्मानित किया।

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय की कक्षा दसवीं के छात्र यशपाल ने भालाफेंक स्पर्धा में न केवल राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया, बल्कि 56.56 मीटर भाला फेंक कर केन्द्रीय विद्यालय संगठन का नया कीर्तिमान भी बनाया। यशपाल को स्वर्ण पदक के साथ प्रमाण पत्र और दस हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई। साथ ही छात्र मनोज कुमार ने क्रॉसकन्ट्री 6 किलोमीटर स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट करते हुए स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक बद्री नारायण तथा कोच गिरिराज सिंह के प्रयासों की सराहना की।

राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये

पाली। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने शुक्रवार को सोजत में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर शिवपुर में पहुंचे जहां पर उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपलब्ध संसाधनों ,दवाईया ,नि:शुल्क ईलाज , विभिन्न रजिस्टर की जांच , व सभी कक्षों का अवलोकन व वहां उपलब्धता व समस्याओं का फीडबेक लिया साथ ही उन्होंने उपस्थित मरीजों से बातचीत कर उनके हाल चाल जाने और सुविधाओं की जानकारी ली।

साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के पास ही स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति की जानकारी ली एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों से रूबरू हुए तथा रोचक सवाल जवाब किये व विद्यार्थियों से अध्ययन की जानकारी ला व स्कूल स्टुफ का आवश्यक ानदश दिये। उन्होंने स्कूल परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की भी व्यवस्थाओं को देखा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां बच्चों से बात की।

इसके बाद जिला कलक्टर ने सरदारसमद म प्राथामक स्वास्थ्य कद्र का निरीक्षण कर विभिन्न वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दियें। इस अवसर पर संबधित कार्मिक मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

महिने भर से युवती तीन थानों में चक्कर लगाती रही, अब दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

जोधपुर,(कासं)। एक तरफ राजस्थान पुलिस महिला अपराधों को कम करने की बात कहती है तो दूसरी तरफ महिलाओं की पीड़ा को भी सही से नहीं सुन रही है। जोधपुर कमिश्नरेट में एक युवती स्कूटी सहित 12 सितंबर को दुर्घटना का शिकार हो गई। उस समय भारी बारिश थी और स्कूटी स्लीप होने पर वह पत्थर से टकरा गई थी। आंखों पर मोटे च्लास का चश्मा होने से नजर भी कमजोर है। उसका बैग इस दौरान वहां गिर गया और कोई उसे उठा ले गया। युवती अपनी रिपोर्ट लेकर दो बार रातानाडा और एक बार एयरपोर्ट थाना गई। सुनवाई नहीं हुई। कभी साहब छुट्टी में है तो कभी मामला थाना क्षेत्र से बाहर होने की बात कहती रही। अब महिने भर बाद युवती की तरफ से एयरपोर्ट थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। पुलिस ने भगत की कोठी थाने से मिले परिवाद पर केस दर्ज किया है।

दरअसल कैलाश नगर ऑफिसर मैस के सामने रहने वाली नेहा बियाला पुत्री मुकेश बियाला एक निजी फर्म में नौकरी करती है। वह 12 सितंबर 24 को अपने स्कूटी पर सवार होकर घर की तरफ आ रही थी। उस दिन जोरदार बारिश चल रही थी। जब वह अपनी स्कूटी लेकर लेक्चरर क्वार्टर पीली टंकी एरिया में पहुंची तब वह उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वह नीचे गिर गई। तब संभवत: उसकी स्कूटी पर टंगा बैग नीचे गिर गया। उसके घर पहुंचने पर बैग नहीं मिलने पर वह पहले एयरपोर्ट थाना पहुंची। मामला दर्ज कराना चाहा तो उसे कहा गया कि रातानाडा थाने में जाए। वह दो बार रातानाडा थाने गई मगर केस दर्ज नहीं किया गया। वह केस दर्ज कराने के चक्कर में उलझती रही और फिर भगत की कोठी थाने पहुंची। यहां पर भी अधिकारी नहीं होने का हवाला देकर उसे टरका दिया गया। कई दिनों तक घूमती फिरी तो अब एयरपोर्ट थना पुलिस ने भगत की कोठी थाने से मिले परिवाद पर केस दर्ज किया है।

पीड़ित नेहा एक निजी फ र्म में है और उसे कं पनी की तरफ से लेपटॉप दे रखा है। मगर बैग गायब होने से उसमें रखा लेपटॉप और जरूरी दस्तावेज आधार, पेन, एटीएम कार्ड सहित अन्य जरूरी सामग्री गुम हो गई है।

- महिने भर से युवती तीन थानों में चक्कर लगाती रही, पुलिस ने अब दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

जालोर, (कासं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए जिले में कार्यरत हाथकरघा बुनकरों से 11 नवम्बर, 2024 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गए हैं। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक संग्राम राम देवासी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष की ाभाभांति इस वित्तीय वर्ष भी जिले के हाथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बुनकरों को नकद पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया हैं। जिला स्तरीय पुरस्कार के आवेदन के लिए वे बुनकर पात्र है, जो हाथकरघा पर बुनाई कार्य में पिछले 3 वर्षो से कार्य कर रहे है तथा जिन्हें गत 3 वर्षो से इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि पात्र हाथकरघा बुनकर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र से आवेदन प्राप्त कर 11 नवम्बर, 2024 तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड समान पात्रता परीक्षा

पाली। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर) 2024 का आयोजन दिनांक 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को दो पारियों में प्रात: 09:00 से मध्यान्ह 12:00 व अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 06:00 तक जिला मुख्यालय के 20 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने आदेश जारी कर परीक्षा के सुसंचालन व सुव्यवस्थित शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर सतर्कता दलों का गठन किया गया है और परीक्षा केन्द्रो का आवंटन कर व्यवस्थाओं के लिये निर्देश दिये है।आदेशानुसार दल संख्या 1 डॉ. पूजा सक्सेना, सचिव नगर विकास न्यास, पाली (मो.न. 94143-89407) को प्रभारी होंगी। राजेंद्र सिंह, उप अधीक्षक पुलिस, एससीएसटी सैल, मदन लाल पंवार, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि. पाली (मो.न. 73000-74109) सदस्य नियुक्त किया है।इसी प्रकार दल संख्या 2 में उपखंड अधिकारी सोजत ,प्रभारी मसिंगाराम 9928917951 ,निरीक्षक पुलिस ,अचलदान 9928094973 व जिला परियोजना समन्वयक ,प्रकाशचन्द सिंगाडिया 7976794558 को सदस्य बनाया गया है।.सर्तकता दल 3 में उपखण्ड अधिकारी, मारवाड़ जंक्शन गौरी शंकर शर्मा, प्रभारी (मो.न. 94139-25876) उप अधीक्षक, पुलिस वृत पाली ग्रामीण - रतनाराम देवासी, सदस्य (मो.न. 8112214141) मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, पाली-सदस्य (मो.न. 94144-45849)चन्द्र प्रकाश जायसवाल सदस्य होंगे।. इसी प्रकार सर्तकता दल 4 में उपखण्ड हरिओम हिरागर, सदस्य होंगे।

जेडीए की बैठक में लिए गये निर्णय के बाद गैंगमेन की पदोन्नति का रास्ता खुला

जोधपुर,(कासं)। सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर विकास प्राधिकरण डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार का हुई प्राधिकरण के नवीन भवन स्थित बैठक में लिए गये निर्णय के बाद गैंगमैन की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। बैठक में सर्वप्रथत गत प्राधिकरण बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई। जोधपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारी (भर्ती एवं सामान्य शर्तें) विनियम 2014 के अन्तर्गत गैगमेन पद का प्रावधान न होने के कारण लम्बे समय से प्राधिकरण की गैगमेनों की पदोन्नति नही हो पा रही थी जबकि उक्त गैंगमेन द्वारा लम्बे समय से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कार्य किया जा रहा था। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में अगली पदोन्नति कार्यालय सहायक में हो सकती है इसी को मद्देनजर रखते हुए गैंगमेन पद को जोधपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारी भर्ती एवं सामान्य शर्तें विनियम 2014 की अनुसूची में पदोन्नति के धारित किए जाने वाले अपेक्षित पद में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/बेलदार/चैकीदार के साथ में गैंगमेन के पद को विनियम में शामिल एवं संशोधित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ बिश्नोई सहित कलेक्टर प्रतिनिधि, जेडीए निदेशकगण, उपायुक्तगण, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, आरएचबी एवं विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।जिससे आगामी दिनों में योग्यताधारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भांति गैंगमैनों को भी वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर पदोन्नति प्रदान किया जाना संभव हो पाएगा।बैठक में ग्राम चैखा के खसरा संख्या 42, 43, 44 व 45 स्थित प्राधिकरण स्वामित्व की भूमि पर प्रस्तावित नवीन योजना का अनुमोदन किया गया। उक्त नवीन योजना हेतु राजीव गांधी नगर योजना के आगे पश्चिमी ओर 48 मीटर लगभग 16० फीट चैडी सम्पर्क सडक पर आगामी कार्यवाही करते हुए गजट में नोटिफिकेशन करवाये जाने का निर्णय भी लिया गया। विवेक विहार में बस टर्मिनल विकसित किए जाने से आस-पास की विभिन्न योजनाओं एवं जोधपुर शहर के यात्रीगण को मिलेगी राहतजेडीए की कार्यकारी समिति की गत बैठक में विवेक विहार योजना में बस टर्मिनल विकसित किये जाने के निर्णय को सक्षम स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्राधिकरण बैठक में प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विस्तार से चर्चा करते हुए विवेक विहार में बस टर्मिनल विकसित किये जाने के साथ-साथ वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स को इंटीग्रेटेड रूप में विकसित किये जाने की भी चर्चा की गई। बस टर्मिनल मुख्य पाली रोड एवं बाईपास रोड के जंक्शन पर स्थित होने से अन्य स्थानों से कनेक्टिविटी, आवागमन एवं सुविधा क्षेत्र इत्यादि की दृष्टि से आमजन को काफी सुविधा प्रदान हो सकेगी।बस टर्मिनल में बस स्टेण्ड, बस संचालन के लिए वर्कशॉप एरिया, एडमिन एरिया, वेटिंग एरिया, टिकट एरिया, ऑटो स्टेण्ड, पब्लिक पार्किंग एवं अन्य सामुदायिक सुविधाओं सहित वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स में शॉप्स, शोरूम, होटल एवं फूड कोर्ट की भी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर विकास प्राधिकरण डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण के नवीन भवन स्थित बैठक कक्ष में प्राधिकरण बैठक सम्पन्न हुई।

- प्राधिकरण के गैंगमेनों की अब हो सकेगी पदोन्नति

पिकअप ने राहगीर को चपेट में लिया

जोधपुर, (कासं)। शहर के बसानी औद्योगिक क्षेत्र मेघवालों की ढाणी के समीप एक पिकअप के चालक ने राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल राहगीर को अस्पताल पहुंचाया गया, मगर उसकी मौत हो गई। इस बारे में प्रकरण दर्ज करवाया गया है। मृतक जोधपुर में रह कर मजदूरी करता था। बासनी पुलिस ने बताया कि मूलतया बिहार हाल कुड़ी भगतासनी हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र सेक्टर 3 में रहने वाले कमलेश राम की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसका साढू लाल बदन जो कि यहां पर रहकर मजदूरी करता था। वह मेघवालों की ढाणी क्षेत्र से निकल रहा था। तब किसी पिकअप के चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई। बासनी पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया।

युवक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर की लूणी पुलिस ने गश्त में संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

सार-समाचार

शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया

जैसलमेर। शरद पूर्णिमा के अवसर गुरुवार रात्रि को नगर के जेठा पाड़ा के हनुमान मंदिर में भगवान की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। रात के समय चंद्रमा की रोशनी में खीर रखकर भगवान को भोग अर्पित किया गया। चंद्रमा के उदय के बाद खीर बनाई गई और चंद्रमा की रोशनी में रखी गई। इसके बाद भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुन्दर कांड का आयोजन किया गया जिसमें श्री आशाराम सिंधी व अन्य पाठीयों द्वारा वातावरण राममय बना दिया आयोजन में डा. उमेश वंरगटीवार,चम्पालाल जेठा, रमेश चांडक, शिवलाल सेवक, डा. रामनरेश शर्मा, नारायण जेठा, अचलदास डांगरा, अमृत देया, लाभुराम प्रजापत, दीपक शर्मा, हेमंत शर्मा,भरत शर्मा पुष्पा चांडक, मानकंवर डांगरा, शुशीला जेठा,ममता वैष्णव सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे ।शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की किरणों में रखी गई खीर का प्रसाद ग्रहण करने से कई बीमारियों का नाश होता है, विशेष रूप से एलर्जी से संबंधित बीमारियां। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन चंद्रमा अपनी किरणों से अमृत की वर्षा करता है, जिसके परिणामस्वरूप खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है और फिर भगवान को भोग लगाया जाता है। इस दिन के प्रसाद का विशेष महत्व होता है

व्यवसायों में रिक्त पदों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

जालोर, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर में प्रवेश सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय व्यापक प्रशिक्षण परिषद एनसीवीटी योजना के तहत विभिन्न व्यवसायों में रिक्त पदों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।संस्थान प्रभारी उम्मेदसिंह चौहान ने बताया कि योजना के तहत प्रथम एवं द्वितीय चरण में सीट आवंटन पश्चात् एक एवं दो वर्षीय व्यवसाय में रिक्त पदों यथा- कोपा, वायरमैन, फिटर, मैकेनिक डीजल, कम्प्यूटर हार्ड वेयर, सोलर इलेक्ट्रीशियन में प्रवेश के लिए संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। अभ्यर्थी 25 अक्टूबर को रात्रि 11.59 बजे तक ई-मित्र से आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी की योग्यता सभी व्यवसायों के लिए 10वीं उत्तीर्ण व वायरमैन व्यवसाय के लिए 8वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। अभ्यर्थी को 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे तक आवेदन पत्र मय स्वयं प्रमाणित दसतावेज संस्थान कार्यालय में जमा करवाने होंगे।

स्वांश नली से फॉरेन बॉडी (सुपारी) को सफलतापूर्वक निकाला

जोधपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना राजस्थान के अंतर्गत कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल , जोधपुर में मेडिकल ब्रोन्कोस्कोपी (फाइबर ऑप्टिक ब्रोन्कोस्कोपी) द्वारा नि:शुल्क जांच कर 2 महीने से कोलैप्स पड़े फेफड़े में फोरेन बॉडी (सुपारी) निकाल कर निदान किया गया।अधीक्षक डॉ. सी. आर. चौधरी ने बताया कि कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती हनीफ खान निवासी बाड़मेर उम्र 22 वर्ष,पिछले 2 महीने से लगातार खांसी से ग्रस्त था तथा उसकी सी. टी. स्कैन जांच में दाईं स्वांश नली में फोरेन बॉडी की संम्भावना बताई गई ,इसलिए उस मरीज की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सी. आर. चौधरी की टीम द्वारा बिना बेहोश किए स्वांश नली से फॉरेन बॉडी (सुपारी) को सफलतापूर्वक निकाला गया। जिससे मरीज की स्वांश नली पूरी तरह खुल गई । इस इलाज से मरीज दो महीने की परेशानी से मुक्त हुआ। अन्य डॉक्टर्स में डाक्टर बलबीर चौधरी,डॉक्टर नंदलाल , डॉक्टर समीक्षा , डाक्टर पूर्ण,डॉक्टर विश्राम ,डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर नरेश, डॉक्टर भूपेंद्र एवम ओटी स्टाफ नर्शिंग ऑफिसर नेरश, रशिक,सुनील,शोभना ने जांच में सहयोग किया।

जल वितरण समिति बैठक 22 को

पाली। रायपुर बांध से वर्ष 2024-25 फसल रबी संवत् 2081 सिंचाई हेतु जल वितरण समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर, एवं अध्यक्ष जल वितरण समिति रायपुर बांध ब्यावर की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को दोपहर 03.00 बजे रायपुर बांध निरीक्षण ग्रह में आयोजित की जायेगी। जिसमे सम्बन्धित जन प्रतिनिधिगण, काश्तकारगण, एवं अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता एवं सदस्य सचिव (रायपुर, लूनी बांध) जल वितरण समिति, जल संसाधन खंड पाली ने दी।

पूर्व विधायक से 80 हजार की धोखाधड़ी

जोधपुर, (कासं)। पूर्व विधायक पोकरलाल मेघवाल के साथ आयकर एवं बीमा सलाहकार एलआइसी एजेंट ने धोखाधड़ी करते हुए उनके 80 हजार रूपए हड़प कर लिए। उनकी तरफ से भगत की कोठी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।पूर्व विधायक पाली देसूरी हाल भगत की कोठी पीली टंकी सुभाष कॉलोनी निवासी पोकरलाल मेघवाल ने अपने आयकर एवं सलाहकार एलआईसी एजेंट पंकज गहलोत पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उसने आयकर रिटर्न फार्म 2 सी भरकर उन्हें भ्रमित करता रहा। 26 मार्च 2002 से अब तक भ्रमित करता रहा है और उनके एकाउंट का पेमेंट खुद में करता रहा, और ओटीपी नंबर लेता रहा। इस तरह उसने 80 हजार रूपयों का फ्रॉड किया है। भगत की कोठी थाना पुलिस ने बड़ाबेरा मंडोर निवासी पंकज गहलोत के खिलाफ अब जांच आंरभ की है।

स्कूल में चोरी का प्रयास, तोड़फोड़ की

जोधपुर, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र चौखा में आई एक सरकारी स्कूल में चोरों ने सैंध लगाने का प्रयास किया। कामयाब नहीं होने पर तोडफ़ोड़ की। इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौखा के वरिष्ठ अध्यापक जेठाराम माली ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 16- 17 अक्टूबर की रात्रि के समय अज्ञात नकबजनों ने विद्यालय कक्ष की अलमारियों के ताले तोडक़र सामान चुराकर ले जाने का प्रयास किया।

कार्यालय नगरपालिका आहोर जिला जालोर

क्रमांकः नपाआ / 2024 / 1261 दिनांक 17.10.2024

-: निविदा सूचना :-

जी.एस.टी. में रजिस्टर्ड फर्मों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका, आहोर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्नांकित कार्य की बिड जैम पोर्टल पर ऑनलाईन की गई हैं। इच्छुक फर्म / संस्था भाग लेना चाहे तो दिनांक 28.10.2024 तक उक्त बिड में भाग ले सकते है :-

GEMPORTAL ID :- GEM/2024/B/5514581
UBN – DLB2425GSGB10725

क्र.सं.	कार्य का नाम	मात्रा	अनुमानित लागत राशि (लाखों में)
1	Three wheeler garbage tipper 4 nos	04	16.60

राज.संवाद / सी / 24 / 6734 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका खुडाला-फालना स्टेशन,जिला-पाली

टेलि न. / फैक्स न. -(02938) 236170 / 236115 ई-मेल -eombfalna@gmail.com

क्रमांक / न.पा.खु.फा. / 2024-25 / 3097 दिनांक 15.10.2024

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता श्री फुलाराम पुत्र इन्दाराम के राजस्व ग्राम साण्डेराव द्वितीय के खसरा सं 2910 / 2893 कुल रकबा 1.8550 हैक्टर एवं श्री सोनाराम पुत्र मोतीराम राजस्व ग्राम साण्डेराव द्वितीय के खसरा सं 2911 / 2893, 2913 / 2891 कुल रकबा 1.9202 हैक्टर कृषि से गैर कृषि आवासीय प्रयोजन हेतु संपरिवर्तन आवेदन पत्र के क्रम मे नगरीय विकास विभाग की अधिसूचना दिनांक 10 / 08 / 2020 के प्रावधानो के तहत अपेक्षित 40 फीट मार्गाधिकार एवं नगरपालिका खुडाला फालना द्वारा उक्त मार्गाधिकार को 60 फीट प्रस्तावित किये जाने बाबत श्रीमान वरिष्ठ नगर नियोजक, जोधपुर संभाग से प्राप्त तकनीकी रिपोर्ट अनुसार राजस्व ग्राम साण्डेराव द्वितीय तहसील सुमेरपुर मे स्थित खसरा सं 1313 किस्म गै.मु. रास्ता को जो कि वर्तमान मे राजस्व ग्राम रेकर्ड मे हल्का पटवारी रिपोर्टनुसार 30 फीट उपलब्ध है को दोनो तरफ लगते हुये खसरो मे से (15फीट आवेदनकर्ता की भुमि से निःशुल्क समर्पित करते हुये) 15फीट / 15फीट समान भुमि निःशुल्क समर्पित करवाते हुये 60फीट किया जायेगा। सूचित रहे।

राज.संवाद / सी / 24 / 6745 अधिशाषी अधिकारी